श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
SHRI LAL BAHADUR SHASTRI NATIONAL SANSKRIT UNIVERSITY
(केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(बी-4 कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016)

एफ.1(101)/ल.ब.स.रा.सं.वि./सा.प्र. /2023-24/317 दिनांक: 10.10.2023

कार्यालय आदेश

उच्च शिक्षा विभाग एवं युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 05.10.2023 को ई-मेल के माध्यम से प्राप्त पत्र संख्या F.No.7-10/2023-CU.Cdn एवं D.O.No.A-12041/9/2023-NSS के अनुसार विश्वविद्यालय में "मेरी माटी मेरा देश" अभियान के अंतर्गत अमृत कलश यात्रा का आयोजन 01 अक्टूबर से 13 अक्टूबर, 2023 तक किया जायेगा। विश्वविद्यालय के द्वारा नामित प्रो० यशवीर सिंह, समन्वयक व डॉ० दिनेश यादव, कार्यक्रम अधिकारी तथा डॉ० सौरभ दूबे, संयोजक के द्वारा अमृत कलश यात्रा के आयोजन से संबंधित गतिविधियों को कार्यान्वित करेंगे। इस कार्यक्रम से सम्बंधी क्रियाकलाप निम्नलिखित है:-

क्र.सं.	कार्यक्रम	दिनांक	प्रतिभागी
1.	छात्र अपने घरों से थोड़ी मिट्टी या चावल विश्वविद्यालय में लायेंगे, फिर इस मिट्टी या चावल को सम्बंधित परिसरों में अमृत कलश में एकत्र करेंगे। विभागाध्यक्ष- संबंधित विभाग के अध्यापकों को छात्रों की सहभागिता हेतु निर्देशित करें।	12 अक्टूबर, 2023 समय: प्रात: 11:30 बजे	विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएँ
2.	अमृत कलश यात्रा का शुभारम्भ विश्वविद्यालय परिसर में श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा के समक्ष होगा।		
3.	सभी छात्र को मिट्टी और चावल एकत्र करते समय समन्वयक पंच प्रण प्रतिज्ञा लेने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित करेंगे और इसकी फ़ोटो http://yuva.gov.in पर अपलोड करेंगे।		
4.	पूर्व निर्धारित स्थान पर पौधारोपण और जहां भी सम्भव हो स्थानीय वीरों के नाम पर शिलाफलकम की स्थापना की जायेगी।		
5.	विश्वविद्यालय द्वारा कम से कम 75 स्वदेशी पौधों की अमृत वाटिका स्थापित की जायेगी।		

मेरी माटी मेरा देश टैब के अंतर्गत कलश यात्रा की फ़ोटो समन्वयक द्वारा http://yuva.gov.in पोर्टल पर अपलोड की जायेगी। पौधों को क्रय करने, अमृत कलश यात्रा एवं बैनर आदि के लिए रुपये 15,000/- (रूपये पंद्रह हज़ार मात्र) की वित्तीय स्वीकृति एवं अग्रिम राशि समन्वयक द्वारा प्राप्त की जायेगी।

अभियान्त्रिकी विभाग उपरोक्त कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालन हेतु विश्वविद्यालय के उद्यान स्थान पर सभी आवश्यक व्यवस्था करने के लिए अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देशित करें।

'x' संगणक प्रमुख को इस आशय से प्रेषित है कि फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी इत्यादि की उचित व्यवस्था तथा उक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर प्रदर्शित करें।

यह कार्यालय आदेश सक्षम अधिकारी की स्वीकृति से जारी किया जा रहा है।

मनजीत सिंह

मंजीत सिंह
सहायक कुलसचिव (सा. प्र.)

प्रतिलिपि:

(1) समस्त विभागाध्यक्ष/ पीठाध्यक्ष एवं अध्यापकगण को सूचनार्थ।
(2) कुलानुशासक/ मुख्य सतर्कता अधिकारी/ जन संपर्क अधिकारी
(3) वित्ताधिकारी/ परीक्षा नियंत्रक/ उपकुलसचिव (लेखा/ परीक्षा)
(4) विश्वविद्यालय के सभी शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों को सूचनार्थ।
(5) ओ.एस.डी. (कुलपति)
'y' (6) संगणक केन्द्र को इस आशय से प्रेषित कि सहायक कुलसचिव शैक्षणिक के सहयोग से छात्रों के समूह को whatsapp के माध्यम से उक्त कार्यक्रम की सूचना प्रेषित करें।
(7) निजी सचिव - कुलपति/ कुलसचिव/ पुस्तकालय अध्यक्ष
(8) समस्त सूचना पट्ट छात्र-छात्राओं के सूचनार्थ।
(9) संबंधित पत्रावली
(10) कार्यालय आदेश पत्रावली

मंजीत सिंह
सहायक कुलसचिव (सा. प्र.)

for n.a. pls 'x' and 'y'
Sh. Sachin
Sh. Jeevan
11/10/23